दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 348 मुरादाबाद 20April 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## दूध के उत्पादन में पहले नंबर पर भारत, पर अर्थशास्त्रियों की नजर से परे: पीएम नरेंद्र मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के बनासकांठा जिले में बनास डेयरी के नए परिसर और आलू की प्रोसेसिंग की यूनिट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने देश के छोटे किसान हर साल 8.5 लाख करोड़ रुपये के दूध का उत्पादन करते हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक है। यही नहीं उन्होंने कहा कि दूध के उत्पादन की कुल कीमत गेहूं और चावल की पैदावार से अधिक है और छोटे किसान डेयरी क्षेत्र के सबसे बड़े लाभार्थी हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान पीएम मोदी ने कहा, आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है। करोड़ों किसानों की आजीविका दूध पर निर्भर करती है। भारत सालाना 8.5 लाख करोड़ रुपये मूल्य का दूध उत्पादन करता है, जिस पर बड़े अर्थशास्त्रियों सहित कई लोग ध्यान नहीं देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गांवों की अर्थव्यवस्था किस तरह से विकेंद्रित है, इसका उदाहरण दूध का उत्पादन है। इसके मुकाबले तो गेहूं और धान का उत्पादन भी कम है और इसका सबसे बड़ा फायदा छोटे किसानों को होता है। उन्होंने कहा, गांवों की विकेन्द्रीकृत अर्थव्यवस्था प्रणाली इसका एक उदाहरण है। इसके विपरीत, गेहूं और चावल की पैदावार भी 8.5 लाख करोड़ रुपये दूध उत्पादन के बराबर नहीं है। और छोटे किसान डेयरी क्षेत्र के सबसे बड़े लाभार्थी हैं। मोदी ने कहा कि बनास डेयरी के नए डेयरी परिसर और आलू प्रसंस्करण संयंत्र का उद्देश्य स्थानीय किसानों को सशक्त बनाना और क्षेत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री ने बनास सामुदायिक रेडियो स्टेशन, पालनपुर में पनीर उत्पादों व मट्ठा पाउडर के उत्पादन के लिए विस्तारित सुविधाओं और दामा में स्थापित जैविक खाद व बायोगैस संयंत्र को भी राष्ट्र को समर्पित किया। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी लगातार दूसरे महीने तीन दिन के दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, उससे पहले भाजपा काफी सक्रिय है। पीएम नरेंद्र मोदी के इन दौरों को भी भाजपा की चुनावी तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। आने वाले महीनों में वह लगातार अपने गृह राज्य के दौरे पर जाएंगे।

## चारधाम यात्रा पर गैर-हिंदुओं का प्रवेश होगा वर्जित? - बोले CM पुष्कर सिंह धामी



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा पर जाने से पहले गैर हिंदू लोगों का वैरिफिकेशन किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने किसी भी धर्म विशेष का नाम नहीं लिया है। धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान यूपी, दिल्ली सहित पड़ोसी राज्यों से प्रदेश में आने वाले सभी तीर्थ यात्रियों का भी वैरिफिकेशन कराया जाएगा। कहा कि प्रदेश में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ठोस रणनीति बनाकर सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे। कहा कि प्रदेश की धार्मिक संस्कृति को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। आपको बता दें कि धर्माचार्य स्वामी आनंद स्वरूप ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर मांग की थी कि केदारनाथ,बदरीनाथ सहित चारधाम में गैर हिंदुओं का प्रवेश रोका जाए। अगर उत्तराखंड सरकार इस पर कोई फैसला नहीं लेती है तो वह खुद वैरिफिकेशन करवाएंगे ताकि गैर हिंदुओं का धार्मिक स्थलों में प्रवेश रोका जा सके। पत्र में कहा गया था कि हिन्दू तीर्थ स्थलों विशेषतौर पर चार धाम में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित किया जाना चाहिए।उत्तराखंड की धर्म संस्कृति को बचाने के लिए सभी का वैरिफिकेशन शुरू होना चाहिए।आपको बता दें कि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 03 मई को खुल रहे हैं। केदारनाथ धाम के कपाट 06 मई को खुलेंगे और बदरीनाथ धाम के कपाट 08 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। यात्रा शुरू होने से पहले सरकार और प्रशासन की ओर से तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## बांग्लादेश से आए हिंदुओं का 52 साल बाद खत्म हुआ इंतजार, योगी सरकार ने दिया घर और जमीन

पूर्वी पाकिस्तान ( अब बांग्लादेश ) से 1970 में आए बंगाली हिंदू परिवारों का 52 वर्षों से चला आ रहा इंतजार अब खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में इन परिवारों को घर और खेती के लिए जमीजन के पट्टे दिए। कानपुर देहात के रसूलाबाद क्षेत्र में इन्हें पट्टे दिए गए हैं। खेती के लिए हर परिवार को दो एकड़ और आवास के लिए 200 मीटर जमीन दी गई है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 1.20 लाख रुपए मकान बनाने के लिए दिए गए हैं। हर घर को एक-एक शौचालय भी बनाकर दिया जाएगा। इस मौके पर सीएम योगी ने बताया कि 1970 में करीब 407 परिवार उस समय के पूर्वी पाकिस्तान ( आज के बांग्लादेश ) से विस्थापित होकर उत्तर प्रदेश में आए थे। तब उन्हें मेरठ के हस्तिनापुर में एक सूत मिल में नौकरी दी गई थी। 1984 में वो सूत मिल बंद हो गई। इसके बाद कुछ परिवारों का पुनर्वास अलग-अलग जगहों पर हुआ लेकिन 65 परिवार 1984 से अब तक अपने परिवार के पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे थे। इन 38 वर्षों में जाने कितने लोग चले गए। प्रतीक्षा करते-करते दो परिवार तो पूरी तरह समाप्त हो गए। 63 परिवार बचे थे। जब प्रधानमंत्री मोदी जी ने पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन देशों के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को नागरिकता देने और पुनर्वास के कार्यक्रम का एक?ट पास किया तो हमने यूपी में पुराने कागज ढूंढने शुरू किए। तब पता चला कि इन 63 परिवारों की स्थिति बदहाल है। ये खानाबदोश जैसी जिंदगी जी रहे हैं। इस बीच कोरोना काल में एक-एक जिंदगी को बचाने के दो साल तक हमें अपनी पूरी ताकत वहां लगानी पड़ी लेकिन प्रसन्नता है कि राजस्व विभाग ने समयबद्ध ढंग से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाकर इन 63 परिवारों के व्यवस्थित पुनर्वास की कार्ययोजना



को लागू कर दिया है। सीएम योगी ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण इसलिए भी है लोग जहां मूल निवासी थे वहां शरण नहीं मिल पाई। कर न केवल उन्हें शरण दी बल्कि उनके पुनर्वास की योजना को भी आगे बढ़ा रहा है। यह भारत की मानवता के प्रति सेवा का एक अभूतपूर्व उदाहरण है। इन 63 पट्टों करीब 400 की आबादी लाभान्वित होने जा रही है। ह पहली बार नहीं हुआ है। 2017 में सरकार गठन के समय अनेक चुनौतियां थीं। बहुत सारे लोग ऐसे थे जिन्हें आजादी के बाद सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाया था। इनमें मुसहर, वनटांगिया, कोल, भील, शहरिया, थारू जैसे तमाम समुदायों की यही स्थिति थी। सरकार ने सफलतापूर्वक ऐसे परिवारों को चिन्हित कर आवासीय पट्टा, पीएम या सीएम आवास योजना का लाभ दिलाया। 1.08 लाख आवास अकेले मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत उपलब्?ध कराए गए हैं। ये 63 परिवार भी उसी से लाभान्वित हो रहे हैं।

### संवेदनहीन सरकारों के कानों तक नहीं पहुंचती थी पीड़ा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इन समुदायों की पीड़ा के लिए पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सवाल उठाया कि क?यों नहीं पूर्व की सरकारों ने वनटांगिया, थारू आदि समुदायों के लिए कोई काम किया। आज हम वनटांगिया के 38 गांवों को राजस्व गांव में बदलकर आजादी के बाद पहली बार उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आजादी के बाद किसी के पास पक्का मकान नहीं था। आज उनके पास पक्के मकान हैं।

### स्मार्ट गांव की तरह बसें 63 परिवार

सीएम योगी ने राजस्व, ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया कि इन 63 परिवारों को कालोनी, आदर्श गांव, स्मार्ट विलेज के तौर पर बसाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इनके लिए स्कूल, अस्पताल, पेयजल, सामुदायिक भवन के साथ-साथ रोजगार की व्यवस्था भी होनी चाहिए। महिलाओं-पुरुषों सबको आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिले। 52 वर्षों तक जिन्हें रोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर नहीं बढ़ाया जा सका, उन्हें सरकार अब उस दिशा में ले जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि ढेर सारी योजनाएं हैं जिनसे इन्हें जोड़ सकते हैं। सीएम योगी ने अपनी सरकार द्वारा वनटांगिया, थारू आदि अन्य कई समुदायों के पुनर्वास के लिए किए गए कामों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई परिवारों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसे परिवारों के पुनर्वास का मार्ग प्रशस्त किया।

# महानगर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश मैं सर्वप्रथम वैष्णो मेकओवर द्वारा की गई एक नई पहल

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-वैष्णो मेक ओवर द्वारा 5 दिन के फ्री क्लास पूर्ण होने के उपरांत विमला सक्सेना जी की बेटी कामना सक्सेना द्वारा मॉडल पर डेमो देकर सिखाया गया एवं 30 स्टूडेंट को प्रमाण पत्र वितरित किए गए जिसमें मेकओवर द्वारा मेकअप संबंधी आधुनिक नई-नई टिप्स सिखाई गई जो बच्चे मध्यम वर्गीय परिवार से हैं जो एडवांस कोर्स नहीं कर सकते हैं आर्थिक परेशानी की वजह से इस कोर्स करने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है उन परिवार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए वैष्णो मेकओवर की संचालिका विमला सक्सेना के द्वारा मुरादाबाद में यह नई सोच की पहल का शुभारंभ किया गया जो बच्चे इस कोर्स को करने में सक्षम नहीं है उन्हें वैष्णो मेकओवर द्वारा 5 दिन की फ्री क्लास दी और बताया जो बच्चे मेरे पास प्रोफेशनल एडवांस कोर्स के लिए जो बच्चे आते हैं उन्हें कम से कम चार्ज में सिखाया जाएगा और उनकी परेशानियों को ध्यान में रखते हुए उनकी हर संभव मदद एवं पूर्ण लाभ दिया जाएगा एवं जो बच्चे वैष्णो मेकओवर में फुल कोर्स सीखते हैं उनकी योग्यता अनुसार उनको मेकओवर मैं जॉब भी प्रदान की जाती है

# कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगा स्वास्थ्य मेला



मुरादाबाद-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने फीता काटकर किया। मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य मेले में लोगों की भीड़ रही। आईसीडीएस विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने 10 महिलाओं की गोद भराई की, बच्चों को अन्नप्राशन कराया, टीवी की जांच के साथ कोविड-19 का टीकाकरण किया गया। लोगों ने स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे मेले में होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, शिक्षा विभाग, खाद रसद विभाग, एनआरएलएम, तंबाकू निषेध विभाग, मदन स्वरूप इंटर कॉलेज, जेएलएम इंटर कॉलेज आदि की भागीदारी रही। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख नगमा जिलानी, अनुपमा सांडयाल, एसडीएम घनश्याम वर्मा, सीएमओ एमसी गर्ग, डिप्टी सीएमओ डॉ. दीपक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजपाल सैनी, राकेश चौहान, राजेश शर्मा, डॉ. अमित सक्सेना, राजबहादुर सिंह, भाजपा नेता, रामप्रकाश आर्य, रचित गुप्ता, डॉ. आरिफ मालती गौतम, आयुषी अग्रवाल, रामाधीन वर्मा, पंकज सिंह, लोचन सिंह, राजीव सक्सेना, आलोक वर्मा आदि रहे। संचालन फार्मासिस्ट आरबी सिंह ने किया।

# पंजाब से भागकर मुरादाबाद आई प्रेमिका को पता चली प्रेमी की असली पहचान, कोर्ट मैरिज करने से पहले ही पुलिस ने पकड़ा



मुरादाबाद-पंजाब से भागकर मुरादाबाद पहुंची युवती के सामने प्रेमी की सच्चाई सामने आते ही उसके पांव खिसक गए। युवती प्रेमी के साथ मुरादाबाद में कोर्ट मैरिज करने पहुंची थी, लेकिन इससे पहले ही यहां पहुंचे हिंदू युवा वाहिनी के नेताओं ने युवती के सामने उसके प्रेमी की असली पहचान बता दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। कचहरी पहुंची पुलिस ने प्रेमी युवग को पकड़कर थाने ले आई। इसके बाद दोनों को पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया गया। आगे की कार्रवाई अब वहीं पर की जाएगी। एसएचओ सिविल लाइंस रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कटघर थाना क्षेत्र के करूला का रहने वाला दूसरे समुदाय का युवक पंजाब के लुधियाना में एक दुकान पर काम करता था। पड़ोस में रहने वाली युवती का उसकी दुकान पर आना-जाना था। वहीं दोनों का प्रेम प्रसंग हो गया। बीते गुरुवार को करूला का युवक युवती को भगा कर मुरादाबाद ले आया। वह चोरीछिपे युवती से कोर्ट मैरिज करने की फिराक में था। इसी बीच मामले की जानकारी हिंदू युवा वाहिनी के नेताओं को हो गई। सोमवार को आरोपी युवक युवती को लेकर कोर्ट मैरिज के लिए कचहरी आया था। हिंदू युवा वाहिनी के जिला जिला प्रभारी अंकित शर्मा और संयोजक रविंद्र सिंह ने इसकी सूचना सिविल लाइंस पुलिस को दी। पुलिस ने कचहरी परिसर के बाहर कमिश्नर तिराहे के पास से युवक और युवती को पकड़ लिया। पुलिस दोनों को लेकर थाने पर आ गई। जहां युवती ने बताया आरोपी ने खुद को हिंदू बताया था। एसएचओ ने बताया कि इस मामले में युवती के परिजनों ने लुधियाना के शेरपुर थाने में युवती की गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। युवती के बरामद होने पर मुरादाबाद पुलिस ने लुधियाना पुलिस से संपर्क करके पूरी जानकारी दी। देर रात युवती के परिजन लुधियाना पुलिस के साथ मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। एसएचओ ने बताया कि लुधियाना पुलिस के आने पर युवक और युवती को उनके हवाले कर दिया जाएगा। आगे की कार्रवाई वहीं की पुलिस करेगी।

# छठी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित विशाल भंडारे का किया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -श्री बालाजी जन्मोत्सव के पावन पर्व पर छठी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित विशाल भंडारे का किया गया आयोजन संकट मोचन श्री बालाजी दरबार प्राचीन बाबा का मंदिर हंस वाली कोठी के के सामने बालाजी जन्मोत्सव के पावन पर्व पर छठी महोत्सव श्री बालाजी दरबार में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां बाबा का भव्य श्रृंगार कर बाबा को भोग लगाया गया इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन श्री बाला जी जन सेवक समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से दरबार के महेंद्र पंकज बाबू गुरुजी महाराज अखिलेश गुप्ता कल्याण सिंह दुष्यंत यादव रंजीत रवि जितेंद्र यादव अरविंद गुप्ता अनुश्री मनुश्री आदि भक्तगण मौजूद रहे

# दर्जी द्वारा कपड़े छोटे सिलने पर कुछ लोगों ने घर पर किया पथराव मौके पर पहुंची पुलिस

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के सूरज नगर में कपड़े छोटे सिलने पर कुछ लोगों ने महिला दर्जी के घर पर पथराव कर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी जिसके चलते महिला दर्जी और उसके परिवार के लोग घायल हो गए वही इस मामले में पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है दरअसल बताया जा रहा है कटघर थाना क्षेत्र के पीतल नगरी में उस समय अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया जब अचानक महिला दर्जी के घर पर आकर कुछ लोगों ने पथराव कर तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी दरअसल बताया जा रहा है कि एक महिला दर्जी कपड़े सिलने का कार्य करती है वही दर्जी के पास आकर एक महिला ने अपने कपड़े सिलने के लिए दिए थे कि उसके कपड़े दर्जी द्वारा गलती से छोटे सिल गए वहीं इतनी सी बात को लेकर उस महिला ने कुछ लोगों के साथ मिलकर महिला दर्जी के घर पर आकर पथराव करना शुरू कर दिया वही पीड़िता महिला सुलेखा ने बताया कि उसके पति का देहांत हो चुका है वह अपना और अपने बच्चों का पालन पोषण लोगों के कपड़े सील कर करती है, सुलेखा का आरोप है कि मोहल्ले की दूसरी गली में रहने वाली एक महिला के कपड़े उसने सीए थे। कपड़े थोड़े से छोटे सिये गए इसके बाद मैंने कपड़ों की दोबारा से सिलाई करने की बात कही, लेकिन वह नहीं मानी और उसने हमारे साथ गाली गलौज और मारपीट करना शुरू कर कुछ लोगों के साथ मिलकर मेरे घर पर आकर पथराव और तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया जिसकी सूचना हमने डायल 112 को दी जहा पुलिस के पहुंचने के बाद हमला करने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए वही महिला ने इस संबंध में थाना कटघर में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# heart treatment

Signs of a major breakthrough in the treatment of heart disease are welcome. Scientists have discovered that the same genetic tracking technology can be used in the treatment of heart disease, which has been used to develop some COVID-19 vaccines. Simply put, through this medical technique, it can help to repair a heart that has been damaged by a heart attack or cardiac arrest. Scientists at King's College London have studied the mRNA to find that the genetic code produces the proteins to make healthy heart cells. Kovid vaccines like Pfizer and Moderna etc. have been developed using this therapeutic technology. According to a report in the New York Times, this unprecedented discovery could lead to a cure for heart attacks. According to lead researcher Professor Mauro Giacca, 'We are all born with a certain number of muscle cells in our hearts and they are exactly the ones we will die with.' There is no automatic ability to heal. But it is now possible to discover a treatment whereby living cells can be prepared to proliferate. A heart attack wreaks havoc on the heart muscle, killing about 100 billion cells. In such a situation, if only a few living cells, due to which the patient's life is saved, only those cells get strength and expansion, then what can be better than this? There is no doubt that reviving the damaged part of the heart due to a heart attack has been an old dream, which is not going to come true at the moment. At present, scientists are broadly agreed that with this technique new cells will replace the dead cells and heart attack will not happen again. There is also good news that Giacca's research team, based at the British Heart Foundation Center for Research Excellence at King's College London, is also working on a drug to stop cells from dying after a heart attack. This is actually an ongoing scientific work in the direction of recreating hearts. Keep in mind, 32 percent of deaths in the world are due to heart failure, of which about 85 percent of deaths are due to heart attack. Every year more than 170 million people in the world suffer from heart disease, among them a large number of people who are deprived of expensive treatment. Heart disease comes in a very fatal form for the poor and low income group people. If such people can be saved from any kind of surgery, then it will be a big success. There has also been hope from stem cell science, but not much progress is being seen in this direction. It will take years for stem cell science to develop organs naturally. But the latest success that scientists in England have made is what needs to be focused on. In the coming time, a new medicine for the heart will come or some vaccine for the heart will come. According to scientists, we should wait for a new revolution in the heart care field.

# Lockup: Poonam Pandey danced as 'Bijli' in short skirt, Payal Rohatgi gave strong competition

Kangana Ranaut hosted reality show 'Lock Up' is going to see a lot of entertainment this week. The most popular contestants of the show Poonam Pandey and Payal Rohatgi will clash with each other on the stage. In fact, both these celebrities will perform on the item number 'Babuji Zara Dheere Chalo' and the promo video of this special episode has been released by the makers on social media. Seeing the video, it can be said that when the promo is so strong then how special will be the episode. In the dance-video of Poonam-Payal on the song 'Babuji', Payal Rohatgi and Poonam Pandey can be seen doing a killer performance on the song. Jailor Karan Kundrra is seen judging the eye energy performance of both. Celebrity photographer Viral Bhayani has also shared the video on his Instagram account, in which both of them are seen wearing red color crop tops.




"Payal Rohatgi will prevail on Poonam? - While fans already know about Poonam Pandey's dance skills, they did not have much idea about Payal Rohatgi's skills. However, in this promo video, Payal Rohatgi seems to be overshadowing Poonam Pandey. Payal is doing dance moves showing high energy with great cleanliness. Seeing Payal and Poonam dancing, Anjali, Munavvar and other contestants are seen cheering them. "The last episode of 'Lockup' was special - Let us tell you that in the last episode of Lockup, Kangana Ranaut and Ekta Kapoor were seen together. Because ALT Balaji has completed 5 years, Kangana Ranaut celebrated it in the presence of Ekta. Ekta Kapoor's brother Tusshar Kapoor was also present in this special episode and during this a lot of conversation was also seen between Tusshar and Ekta Kapoor.

# Wearing sari and heels, Urfi showed such a feat, gave this challenge to the fans too

Urfi Javed often comes into the limelight due to her unusual fashion. Sometimes Urfi puts a lot of pins in her hair and sometimes wears clothes made of candy. Now his new style has come to the fore. Urfi Javed has shared a video on her Instagram, in which she is seen wearing a pink-green color floral saree. She has carried high heels on the saree. The special thing in this video is that wearing a sari, Urfi is jumping rope. Not only this, he has also given the challenge of jumping rope to the fans. Seeing the video, her fans are praising it, while some people are trolling Urfi. Rope Jumping Challenge in Saree - Urfi Javed is looking good in saree look. She is wearing a stylish blouse and pink-green color floral printed saree. She has twisted the pallu of the saree back and made a bun. Sharing this video, Urfi wrote – 'Can you jump rope in saree and heels!' Urfi Javed's challenge has been accepted by his fans and are also praising him. A fan said that you have done amazing jumping rope in a sari. So on the other hand, another fan wrote while praising - You are looking good as always. Troll-urfi on the video Javed often comes under the target of trollers due to his different fashion sense. She is getting trolled a lot on this video too. One user wrote - What a madness this is. So on the other hand wrote – The video should also have the option of dislike.



आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सीएचसी अलीगंज पर ब्लॉक स्तरीय मेले का संयुक्त रूप से रिबिन काटकर क्षेत्रीय सांसद,विधायक, सीएमओ ने किया शुभारंभ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आज अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया जिसका उद्घाटन फरुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत और अलीगंज के विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अलीगंज और आस पास के हजारों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का नि:शुल्क परीक्षण करवाया। इस मेले में फरुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत ,अलीगंज के विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने भी अपनी शुगर टेस्ट करवाई। इस मौके पर 5 बच्चों का अन्न प्रयास कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फरुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश शाशन की मंशा है कि प्रदेश भरमे कोई भी रोगी न रहे सभी निरोगी हों इसी लिए प्रदेश के हर ब्लॉक में इस प्रकारके ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उंन्होने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर स्वास्थ्य मेलों का लाभ उठाने की अपील की। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग,



पशुपालन विभाग, एनसीडी विभाग, खाद्य विभाग, दिव्यांग विभाग सहित अनेकों विभागो के स्टाल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आम लोगों को दी गयी।इस अवसर पर अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0 रंजीत वर्मा ने सांसद से अस्पताल में बिजली का बोल्टेज कम आने की शिकायत की और अस्पताल के लिए अलग से ट्रांसफॉर्मर लगवाने की मांग की। इस अवसर पर लोगों ने मलेरिया, टाइफाइड, शर्दी, शुगर के टेस्ट कराए । साथ ही मौसमी बीमारियों का इलाज भी करवाया। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, अलीगंज के विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 उमेश कुमार त्रिपाठी, अलीगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0रंजीत वर्मा ने स्वास्थ्य केन्द्र सहित हॉस्पिटल, वार्ड, ओटी का निरीक्षण भी किया। इस दौरान राष्ट्रीय अंधता निवारण मिशन के तहत सैकड़ों लोगों की आंखे टेस्ट कर उनको फ्री चश्मे भेंट किए गए। इस अवसर पर अलीगंज ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि डॉ0 अशोक रतन शाक्य,अतुल भदौरिया, डॉ0 रंजीत वर्मा सीएचसी अधीक्षक ,आनंद द्विवेदी खण्डबेसिक शिक्षा अधिकारी,स्वेता सैनी जिला अभहीत अधिकारी के साथ अतिरिक्त अनेकों डॉक्टर और चिकित्सकीय कर्मचारी उपस्थित थे।

# दिवंगत पत्रकार दादा पी. के. राय को श्रृद्धा सुमन अर्पित



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स ऐसोसिएशन उपजा के त्वावधान में दिवंगत पत्रकार दादा पी. के. राय को श्रृद्धा सुमन अर्पित जनपद कासगंज में उ.प्र. जर्नलिस्ट्स ऐसोसिएशन उपजा की ओर से वरिष्ठ पत्रकार एन. एस. जे. यू के संस्थापक सदस्य एवं दो बार उ. प्र. जर्नलिस्ट्स ऐसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष रह चुके दादा पी. के. राम को सोरों के वाराह मंदिर प्रागण में एक शोक सभा के माध्यम से श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गए
इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज पाराशर एवं जिला महामंत्री विक्रम पान्डेय द्वारा आगन्तुकों का स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन करते हुए संरक्षक सदस्य डा. विनय शौनक ने दादा के जीवन तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला! कार्यक्रम में पत्रकार ब्रजेश मिश्रा, अवधेश दीक्षित, बोबी ठाकुर,, रीतेश द्विवेदी, विजय दुबे, फहीम अख्तर, जयचंद, संजीव राय, विजय मोर्य, अश्विनी मेहेरे, , सुबोध माहेश्वरी, गौरव मौर्य, संजय सिंह चौहान, संतोष राजपूत राजीव तिवारी, योगेन्द्र कुमार निर्भय, उर्फ च ई बाबू आदि पत्रकारों ने दादा पी के राय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रृद्धा सुमन अर्पित किये!

# 1.5 माह पूर्व नगला पवल निवासी गौरव की हत्या का किया गया खुलासा, 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली सफलता, थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा करीब 1.5 माह पूर्व नगला पवल निवासी गौरव की हत्या का किया गया खुलासा, 03 वांछित अभियुक्त गिरफतार दिनांक 04.03.2022 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम नगला पवल में एक खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव दबा होने की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा शिनाख्त की गई तो शव की पहचान गौरव पुत्र विजय सिंह जाति जाटव उम्र करीब 25 वर्ष के रूप में हुई, मृतक दिनांक 04.02.2022 को ही रात्रि में अपनी माँ व पत्नी से शौच की कहकर घर से निकला था और उसके बाद से घर वापस नहीं आया था। जिसकी सूचना दिनांक 07.02.2022 को परिजनों द्वारा थाना कोतवाली देहात पर दी गई थी जिसके आधार पर थाना कोतवाली देहात पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। आज दिनांक 06.03.2022 को मृतक की मां श्रीमती सामंदा देवी द्वारा गांव के अवनीश उर्फ भोले पुत्र जगदीश, शैलेश पुत्र राम सिंह, नीटू पुत्र रमेश और योगेश पुत्र वीरपाल पर गौरव को संतोष पुत्र रामप्रसाद निवासी नगला पवल कोतवाली देहात एटा के घर बुलाकर शराब पिलाने तथा वहीं पर कमल सिंह पुत्र रामस्वरूप निवासी नगला पवल थाना कोतवाली देहात एटा को बुलाकर गौरव की हत्या कर शव खेत में गाड़ देने संबंधी आरोप अंकित करते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 71/2022 धारा 147, 302, 201 भादंवि बनाम अवनीश उर्फ भोले पुत्र जगदीश व अन्य 2 आरोपियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी घटनाक्रमानुसार दिनांक 18.04.2022 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत मुअसं- 71/2022 धारा 147, 302, 201 भादंवि में वांछित चल रहे 03 नामजद अभियुक्तों को समय करीब 23.10 बजे गंजडुण्डवारा रोड नगला मुही नहर पुल से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी को 05 वर्ष कठोर कारावास एवं 30000 रुपए के जुर्माने

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी को 05 वर्ष कठोर कारावास एवं 30000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 18.04.2022 को अभियुक्त मुबीन उर्फ मुब्बी पुत्र नईम खान निवासी मौ. कटरा थाना कोतवाली नगर जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 639/17 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज स्त्रझष्ट 2/ एनडीपीएस कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 05 वर्ष कठोर कारावास एवं 30000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया!

# हत्या के मामले में सिपाही सहित तीन के खिलाफ मुकदमा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सकीट गुरुवार ठेकेदार की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में निलंबित कांस्टेबल सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं। गुरुवार को हुई हत्या के बाद देररात्रि ही शव को पोस्टमार्टम पर भेज दिया गया था। शुक्रवार की दोपहर को पोस्टमार्टम कराया गया। इस मामले की रिपोर्ट मृतक के पुत्र निर्देश कुमार ने दर्ज कराई है। निर्देश ने आरोप लगाया है कि पिता मुनेश कुमार परिवार की ही दादी सूरजमुखी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गए थे। इसी समय गांव के ही सत्यदेव उर्फ नीटू पुत्र, उनके पिता उमेश चंद्र तथा उसके भाई रिंकू ने गोलियां दाग दी। मालूम हो कि थाना सकीट क्षेत्र के गांव रजपुरा में गुरुवार की देरशाम को श्मशानघाट में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

www.knlslive.com

# ये कैसा निस्तारण: 400 टन कूड़े में लगा दी आग, सांस लेना दुश्वार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नगर पालिका ने शहर भर से करीब 400 टन कूड़ा एकत्रित कर निस्तारण के लिए ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर पहुंचाया, लेकिन यहां निस्तारण के इंतजाम नहीं कर सकी। कर्मचारियों ने पूरे कूड़े में आग लगा दी। यह कूड़ा पांच दिनों से सुलग रहा है। जिससे वहां के लोगों का सांस लेना दुश्वार बना हुआ है। नगर पालिका परिषद द्वारा जीटी रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे एमआरएफ सेंटर का निर्माण किया गया है जहां पर शहर से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण किया जाना है। जाना शहर से निकलने वाले कूड़े को यहां पर इकट्ठा किया जा रहा है, लेकिन यहां कूड़ा निस्तारण के लिए मशीन स्थापित न होने की वजह से करीब 400 टन कूड़े के ढेर लग गए। पांच दिन पहले इन ढेरों में आग लगा दी गई, जो अभी तक सुलग रही है। जिसकी वजह से कूड़े से उठने वाले धुएं से आसपास के लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। लोग पूरे दिन दुर्गंध से परेशान हैं। वहीं वातावरण भी दूषित हो रहा है।

## सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित, भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव मनाने के विषय पर हुई चर्चा

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही - गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के सर्व ब्राह्मण परिषद पेंड्रा के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के जन्म उत्सव मनाने के लिए बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में भगवान श्री परशुराम जी के जन्म उत्सव में मनाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वही बैठक में सर्व ब्राह्मण विप्र समाज के लोगो ने कहा कि जिस तरह से विगत 2 वर्षों में कोरोना के कारण कार्यक्रम कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ है। ताकि भगवान विष्णु के छठवे अवतार भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा सके। साथ ही अगली बैठक 22/04/2022, सायं 7=00 बजे हनुमान मंदिर में शोभा यात्रा के संबंध में रखी गई है। जहां इस आगामी बैठक में बड़ी संख्या में समाज के द्वारा शामिल होने की भी बात कही गई है। वही इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व ब्राह्मण समाज के पवन त्रिपाठी, आलोक तिवारी, सूर्यकांत चतुर्वेदी, राकेश चतुर्वेदी, सुरेश उपाध्याय, जयदत्त तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी, नवीन चतुर्वेदी, बलराम तिवारी, चंद्रकांत शर्मा, सचिन तिवारी, उज्जवल तिवारी, राघवेंद्र पांडे, बृजेश शुक्ला, योगेश तिवारी, महेश मिश्रा, पवन कुमार दुबे, अक्षय तिवारी, स्वप्निल शर्मा, आनंद मिश्रा, सहित पेंड्रा गौरेला, कोटमी, मरवाही के विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।



## राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम जारी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 19 अप्रैल 2022/ राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि स्वर्गीय राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 17 अप्रैल रविवार को शासकीय गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रारोड में आयोजित किया गया था। परीक्षा में कुल 81 परीक्षार्थियों के विरूद्ध 80 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा परिणाम और अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता हैं।

## 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब व एक नाजायज चाकू के साथ दो गिरफ्तार



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना इकौना पुलिस द्वारा अभियुक्त बंदल पुत्र मने निवासी केवटनपुरवा सेमगढ़ा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के कब्जे से 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0सं0 85/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना श्रावस्ती पुलिस द्वारा अभियुक्त बबली पुत्र लियाकत अली निवासी अमरहवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना श्रावस्ती पर मु0अ0सं0 85/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया।

## 25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थानाध्यक्ष विसुनदेव पाण्डेय मय हमराही टीम द्वारा मु0अ0सं0 15/22 धारा 3(1) यू.पी गैगेस्टर एक्ट थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजू पुत्र धनी राम नि0 कोलाभार मजगवां थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था। वांछित/इनामिया अभियुक्त राजू पुत्र धनी राम नि0 कोलाभार मजगवां थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को जानकीनगर चौराहे से गिरफ्तार किया

# भटगांव उपतहसील में पीने का पानी है बड़ी समस्या

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर - भटगांव उपतहसील में ग्रामीणों ,किसानों, आमजनता लोगो ने कई मामलों को लेकर हमेशा आते रहते है जैसे नामांतरण, बटवारा, जाती, निवास, आय सम्बंधित काम रहता है,, यह काम को लेकर आने वाले इस अप्रेल के महीना में तड़पती धूप में जब तहसील कार्यालय प्रांगड़ में पहुँचते है, और दिनभर अपने काम को लेकर इंतजार करते हैं,, बहुत अच्छा बात है छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों का भूमि,जमीन समस्याओं को निराकरण करवा रही है, पर दुख की बात यह है कि नितदिन जब आमजनता किसान तहसील प्रांगड़ में पहुंचते हैं तो प्यासे दिनभर रहना पड़ता है कभी कभी तो किसानों को पास में दुकान,होटल,व अन्य घरों में पानी मांग कर पीना पड़ता है, जिससे कहि कहि तो पानी मांगने से पानी भी नही मिल पाता है,,आपको बता दु की कार्यालय में पानी टंकी लगाया तो गया है पर वह टंकी बन्द पड़ा है,, इस समस्या के बारे में जब पूर्व जिला पंचायत सदस्य भैयाथान साल्हो भास्कर के पुत्र प्रतिनिधि एवम सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम भास्कर को पता चला तो तत्काल मौके में पहुचकर भास्कर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर भटगांव तहसीलदार को एक लिखित आवेदन दिया गया ,,अपने आवेदन में बताया कि समस्या बहुत गंभीर है, किसान व कार्यालय में आने वाले ग्रामीणो को पेयजल से जूझना पड़ रहा है, भटगांव तहसीलदार के द्वारा आस्वासन दिया गया है कि इस समस्या को तत्काल निराकरण करवाते हुए किसानों को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा

## हाईवे पर खड़ी वाहन से डीजल चोरी करने वाला 1 आरोपी गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दिनांक 06.04.2022 की सुबह गोपालपुर पश्चिम बंगाल निवासी टैंकर चालक गौरव विश्वास ने चौकी तारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 अप्रैल को रात्रि में तारा ढ़ाबा में खाना खाकर वाहन में सो रहा था कुछ देर बाद वहां से थोड़ी दूर पर खड़े वाहन से आवाज आने पर अपने टैंकर वाहन से बाहर निकला तो देखा कि 2 व्यक्ति एक बोलेरो वाहन में जरकीन से डीजल डाल रहे है, उनके पास जाने पर बिना नंबर बोलेरो वाहन को छोड़कर भाग गए जिनके द्वारा टैंकर वाहन के डीजल टंकी से 120 लीटर डीजल चोरी किया गया है। टैंकर चालक की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 47/22 धारा 379, 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर बिना नंबर के बोलेरो वाहन को जप्त किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश अग्रवाल ने डीजल चोरों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी तारा की पुलिस आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच 18 अप्रैल को मुखबीर की सूचना पर लपटा, अनूपपुर मध्यप्रदेश में दबिश देकर आरोपी सुनील गुप्ता पिता प्रेमदास उम्र 41 वर्ष निवासी लपटा, थाना जैतहरी, जिला अनूपपुर को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 200 लीटर डीजल, डीजल टैंक ताला तोड़ने के लिए उपयोग में लाए जाने वाला सब्बल व पाईप कीमत 20 हजार रूपये का जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। मामले में एक आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी सुनील अपने 1 साथी के साथ मिलकर बोलेरो वाहन से घुम-घुमकर रात्रि के वक्त नेशनल हाईवे पर खड़ी ट्रकों से डीजल चोरी करता था। इसके पूर्व भी विश्रामपुर थाना में डीजल चोरी मामले में चालान हो चुका है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी तारा लवकुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक रविशंकर किण्डो, आरक्षक रामचन्द्र साहू, मनोज जायसवाल, अमर सिंह व देवनिश मिंज सक्रिय रहे।

# राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर हेतु जिले के स्काउट एवं गाइड हुए रवाना

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला-पेंड्रा-मरवाही -जिले के स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राएं 18 से 25 अप्रैल तक राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर कुल्लू मनाली (हिमाचल प्रदेश) के लिए आज रवाना हुए भारत स्काउट एवं गाइड के पदेन जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय ने शिविर के प्रतिभागियों को मंगलमय यात्रा एवं शिविर की सफलता हेतु शुभ आशीष प्रदान की इस शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा, मिश्री देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरेला एवं शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौरेला के स्काउट एवं गाइड सम्मिलित हो रहे हैं। इस दल के प्रभारी श्रीमती अर्चना मसीह है। जिले में भारत स्काउट गाइड संघ के गठन के बाद लगातार सक्रिय रूप से जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में स्काउट एवं गाइड राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। इसी माह 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक मध्य प्रदेश स्थित पंचमढ़ी नेशनल हेड क्वार्टर भारत स्काउट गाइड के शिविर में जिले के 40 स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राएं प्रभारी सहित सम्मिलित होंगे। शिविर में जाने वाले प्रतिभागियों के पालक, जिला शिक्षा अधिकारी मनोज राय एवं जिला संगठन आयुक्त श्री अंबुज मिश्रा , श्री तीरथ प्रसाद बड़गैया ,श्रीमती मीनू देवांगन जिला प्रशिक्षण आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड ,अभिषेक कुमार शर्मा जिला सचिव भारत स्काउट एवं गाइड एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा के प्राचार्य श्री नरेंद्र कुमार तिवारी ,रामकृष्ण कश्यप स्काउटर ने प्रतिभागियों को पेंड्रा रोड स्टेशन से विदा किया।